भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
विधि कार्य विभाग
लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. 936
जिसका उत्तर शुक्रवार, 03 दिसम्बर, 2021 को दिया जाना है

## राज्यों में नोटरी की नियुक्ति

**936. श्री एस. मुनिस्वामी :**

क्या **विधि और न्याय मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :
(क) क्या कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे कई राज्यों में नए नोटरी के चयन की प्रक्रिया शुरू करने में देरी पाई गई है ;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;
(ग) क्या सरकार ने सभी राज्यों के लिए तीन महीने में नोटरी की नियुक्ति की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कोई कदम उठाए हैं ; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है ?

**उत्तर**

**विधि और न्याय मंत्री**
**( श्री किरेन रीजीजू )**

**(क) से (घ) :** अधिकतर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में, जिनके अंतर्गत कर्नाटक और महाराष्ट्र भी हैं, वर्ष 2019 में नोटेरी की अंतिम नियुक्तियां की गई थी । तत्पश्चात्, कोविड– 19 महामारी तथा इस संबंध में भारत सरकार द्वारा अधिरोपित निर्बंधनों के कारण नोटेरी की और नियुक्तियों की प्रक्रिया नहीं की जा सकी ।

विभाग के कार्यालय ज्ञापन तारीख 28.04.2021 तथा 29.07.2021 द्वारा सभी राज्यों/संघ सभी राज्यक्षेत्रों से नोटेरी की नियुक्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं । जम्मू-कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र के लिए नोटेरी की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार सितंबर, 2021 मास में आयोजित किए गए थे । सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों की संवीक्षा की जा रही है ।

******